# JPSC Mains

## Previous Year Paper

### 2022 Paper-II

CCSME21 831385

PAPER / पत्र – II

# HINDI LANGUAGE AND LITERATURE

# हिन्दी भाषा एवं साहित्य

## SUBJECT CODE / विषय कोड : 04

**Full Marks : 150**
**पूर्णांक : 150**

**Time : 3 Hours**
**समय : 3 घण्टे**

**निर्देश :**

(1) हाशिये में पूर्णांक दिए गए हैं ।

(2) प्रश्न-पत्र **दो** भागों में विभक्त है । **भाग – A** में कुल **चार** प्रश्न (प्रश्न सं. **1** से **4**) एवं **भाग – B** में कुल **चार** प्रश्न (प्रश्न संख्या **5** से **8**) हैं ।

(3) कुल **छः (6)** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रश्न सं. **1** एवं प्रश्न सं. **5** का उत्तर देना अनिवार्य है ।

(4) अनिवार्य प्रश्न सं. **1** एवं प्रश्न सं. **5** के अन्तर्गत कुल **सात-सात** प्रश्न हैं । इन **सात-सात** प्रश्नों में से **पाँच-पाँच** प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है ।

(5) अनिवार्य प्रश्न सं. **1** एवं प्रश्न सं. **5** के अतिरिक्त प्रत्येक भाग में से कम से कम **एक** एवं कुल **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

अंक

### भाग – A

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (5 × 7 = 35)

(क) साहित्यिक हिन्दी के रूप में खड़ी बोली के उद्भव और विकास पर एक संक्षिप्त निबंध लिखिए ।

(ख) हिन्दी प्रसार के आंदोलन पर एक संक्षिप्त निबंध लिखिए ।

(ग) राजभाषा और राष्ट्रभाषा के अंतर को स्पष्ट कीजिए ।

(ङ) साधारणीकरण की व्याख्या कीजिए ।

(च) देवनागरी लिपि के गुण और दोषों पर प्रकाश डालिए ।

(छ) शब्द-शक्ति के कितने भेद हैं ? उदाहरण सहित इसे स्पष्ट कीजिए ।

2. (क) भाषा की विभिन्न परिभाषाओं का उल्लेख करते हुए यह बताइए कि आप किस परिभाषा को सर्वाधिक उपयुक्त मानते हैं और क्यों । तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए । 10

(ख) रस निष्पत्ति के विभिन्न सिद्धांतों को स्पष्ट कीजिए । 10

3. (क) विशेषण की परिभाषा देते हुए इसके भेदों का वर्णन कीजिए । 10

(ख) ध्वनि परिवर्तन के विभिन्न कारणों की व्याख्या कीजिए । 10

4. (क) कामकाजी हिन्दी से क्या तात्पर्य है ? इसके विभिन्न रूपों की व्याख्या कीजिए । 10

(ख) कारक किसे कहते हैं ? इसके विभिन्न भेदों की परिभाषा देते हुए सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । 10

## भाग – B

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **(5 × 7 = 35)**

(क) साहित्येतिहास की सामग्री पर एक संक्षिप्त निबंध लिखिए ।

(ख) काल विभाजन की समस्या पर विचार कीजिए ।

(ग) आदिकालीन राजनीतिक और सामाजिक परिवेश को स्पष्ट कीजिए ।

(घ) सूफी प्रेमाख्यानक काव्य की सामान्य विशेषताएँ बताइए ।

(ङ) रीतिबद्ध और रीतिमुक्त काव्य के अंतर को स्पष्ट कीजिए ।

(च) गोदान के होरी का चरित्र चित्रण कीजिए ।

(छ) शब्द शक्तियों की परिभाषा देते हुए लक्षणा के प्रकारों को बताइए ।

6. (क) कबीर की काव्य कला पर एक निबंध लिखिए । 10

(ख) प्रयोगवादी कविताओं की विशेषताओं को बताइए । 10

7. (क) द्विवेदी युग की विशेषताओं का वर्णन कीजिए । 10

(ख) छायावाद की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । 10

8. (क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए : (2 × 5 = 10)

(I) अरथ न धरम न काम रुचि गति न चहौं निर्वान ।
जनम जनम रतिराम पद यह वरदानु न आन ।।

(II) "मैंने सोचा था, बरसों तुम सबसे अलग रहने के बाद, अवकाश पाकर परिवार के साथ रहूँगा । खैर, परसों जाना है । तुम भी चलोगी ?"

"मैं", पत्नी ने सकपकाकर कहा, "मैं चलूँगी तो यहाँ क्या होगा ? इतनी बड़ी गृहस्थी, फिर सयानी लड़की ..."

(ख) हिन्दी नाटक के तत्वों की महत्ता अथवा हिन्दी उपन्यासों में स्त्री विमर्श पर एक निबंध लिखिए । 10

---